Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में पंजाब नेशनल बैंक का शाखा प्रबन्धक 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *01 अक्टूबर/* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये विश्वरतन अग्रवाल शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाख शाखा–पक्का सहारणा, जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 7 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि के.सी.सी. खाते की लिमिट बढ़ाने की एवज में विश्वरतन अग्रवाल शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाख शाखा–पक्का सहारणा, जिला हनुमानगढ़ द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी की हनुमानगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेजपाल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सुभाष चंद** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये विश्वरतन अग्रवाल पुत्र श्री देशराज निवासी मकान नं0 29, बाबा श्याम सिंह कॉलोनी, हनुमानगढ़ जंक्शन, हाल शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक शाख शाखा–पक्का सहारणा, जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से **7 हजार रुपये** रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।